# इतिहास विभाग
# शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
# अनूपपुर(म.प्र.)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनांक -27/04/2023

## ***प्रतिवेदन***

### विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय में इतिहास विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 22अप्रैल 2023 को व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जे.के.संत के द्वारा की गई। अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज हम सभी विश्व पृथ्वी दिवस के उत्सव को मनाते हुए एक साथ इस अवसर पर उपस्थित हुए हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब हम सभी एक साथ मिलकर विश्व की सुरक्षा और वैश्विक संतुलन के बारे में सोचते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रो. अजय राज सिंह राठौर (विभागाध्यक्ष, प्राणी शास्त्र) एवं प्रो. शैली अग्रवाल (सहायक प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र) ने अपने व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को इस दिवस की महत्ता से अवगत कराते हुए बताया कि,आज जब हम दुनिया भर में कोविड-19 महामारी से लड़ने में सफल रहे हैं, हमें यह समझना होगा कि हमारी स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित फैसले हमारे पर्यावरण और धरती के संरक्षण से भी जुड़े हुए हैं। हमारा ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि हम अपने पर्यावरण के लिए क्या कर सकते हैं और इसे कैसे सुरक्षित रख सकते हैं।

मुख्य अतिथि डॉ.देवेंद्र सिंह बागरी (विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय) प्रो. विनोद कुमार कोल (सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र) के साथ ही महाविद्यालय परिवार की समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

आज के इस विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन आइक्यूएसी एवं इतिहास विभाग के संयुक्त संयोजन में प्रो.पूनम धांडे(सहायक प्राध्यापक इतिहास) के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो.प्रीती वैश्य के द्वारा किया गया।

इसी तारतम्य में आइक्यूएसी एवं इतिहास विभाग के संयुक्त संयोजन में 24 अप्रैल 2023 को विद्यार्थियों में जागरूकता संदेश फैलाने के उद्देश्य से विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर "**इन्वेस्ट इन अवर प्लानेट"** थीम पर पोस्टर, स्लोगन, पृथ्वी दिवस पर वीडियो आधारित संदेश जैसी गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की गई।

इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.पूनम धांडे एवं आइक्यूएसी के नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी के द्वारा यह बताया गया कि आज हम सभी अपनी पृथ्वी की रक्षा के लिए एक संकल्प लें। हम सभी को सक्रिय तौर पर अपने आस-पास के पर्यावरण की देखभाल करनी चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत के द्वारा कहा गया कि,मुझे आशा है कि इस विश्व पृथ्वी दिवस पर हम सभी यह वादा करेंगे कि हम अपने पर्यावरण को संरक्षित रखेंगे और धरती को स्वस्थ रखने हेतु प्रयासरत रहेंगे।





व्याख्यान में उपस्थित शैक्षणिक स्टाफ एवं  विद्यार्थीगण



व्याख्यान सुनते विद्यार्थीगण




इतिहास विभाग  की एक पहल




प्रतियोगिता का ब्रोसर







प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थीगण



# विश्व पृथ्वी दिवस

दिनांक -24.04.2023
विषय -इन्वेस्ट इन अवर प्लानेट
आयोजक -इतिहास विभाग एवं आईक्यूएसी

## प्रतिभागियों की सूची

विधा -पोस्टर


| क्र. | नाम | कक्षा | मो.नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | आशीष गुप्ता | बी.ए. प्रथम वर्ष | 9754101695 |
| 2. | कुसुम केवट | बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | 7987399302 |
| 3. | पूजा साहू | बी.ए. प्रथम वर्ष | 6260593030 |
| 4. | किशनकांत पटेल | बी.ए.प्रथम वर्ष | 8103724879 |
| 5. | रागिनी अग्रवाल | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 8871176530 |

विधा -वीडियो मैसेज

| क्र. | प्रतिभागी का नाम | कक्षा | मो.नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार | बी.ए. प्रथम वर्ष | 8305091310 |
| 2. | मनस्वी सोनी | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | |

विधा -स्लोगन

| क्र. | प्रतिभागी का नाम | कक्षा |
|---|---|---|
| 1. | महेश प्रताप | एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर |
| 2. | किरण सिंह | एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर |
| 3. | राजेश कुमार रैदास | एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर |
| 4. | रामबहोर यादव | एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर |
| 5. | सुमित्रा | एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर |
| 6 | केमली सिंह | एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर |


शासकीय तुलसी महाविद्यालय
अनूपपुर

IQAC

प्रमाण पत्र

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 2023

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री/श्रीमती............ कक्षा..........ने शासकीय तुलसी महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर दिनांक 24 अप्रैल 2022 को आयोजित........... प्रतियोगिता में सहभागिता की ।

उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं सहित!

डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी
आइक्यूएसी नोडल अधिकारी

पूनम धांडे
संयोजक

डॉ.जे.के.संत
प्राचार्य एवं संरक्षक

विद्यार्थीयों को प्रदान किए गए ई-प्रमाण पत्र

# समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार छायाप्रति

## अनूपपुर, तुलसी महाविद्यालय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

आज ही बनवाए अपनी न्यूज़ वेबसाईट STARTING @ RS. 3999 Traffic Tail CALL NOW : 8770247277




Raajdhani News
All Posts




आज शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया जिसमें कालेज के प्राचार्य डॉ जे के संत जी समेत समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे डॉ जे के संत जी ने छात्र छात्राओं को बताया कि हमें पृथ्वी, पेड़, एवम जल को हमें बचाना है इसे हमें नष्ट नहीं होने देना है। साथ ही प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग बंद करना है जिससे हमारी पृथ्वी साफ-सुथरी स्वच्छ रहे और हमें स्वच्छ हवा मिल सके। साथ ही वर्तमान में क्लाइमेट चेंज के बारे में छात्र-छात्राओं ने जानकारी प्राप्त किया।

Raajdhani News
All Posts




अनूपपुर। शासकीय तुलसी महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विश्व पृथ्वी दिवस को मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.जे.के.संत के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को बताया गया की विश्व पृथ्वी दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश पर्यावरण सुरक्षा के बारे में लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाना है ।यह दिन इस बात के चिंतन मनन का दिन है कि हम कैसे अपनी वसुंधरा को बचा सकते हैं। तुलसी महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष पूनम धांडे के संयुक्त संयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा इन्वेस्ट इन अवर प्लानेट विषय पर पोस्टर, स्लोगन,संदेश वीडियो, वेस्ट मटेरियल से बने कोलाज जैसे गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागिता की गई । इस प्रतियोगिता में विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार बी.ए. प्रथम वर्ष, मनस्वी सोनी बी.एस.सी. प्रथम वर्ष,पूजा साहू बी.ए. प्रथम वर्ष, आशीष गुप्ता बी.ए. प्रथम वर्ष, रागिनी अग्रवाल बी.ए. द्वितीय वर्ष,आरती पनिका एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्ण तरीके से भाग लिया गया। आइक्यूएसी के नोडल अधिकारी डॉ.देवेंद्र बागरी के द्वारा बताया गया कि पृथ्वी दिवस को मनाने का उद्देश्य, पर्यावरण को बचाने,प्रदूषण को रोकने एवं पर्यावरण में निवेश करने का यह सही समय है । कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रचार प्रसार –

College website- gtcanuppur.ac.in

College facebook link –

https://www.facebook.com/100045502399397/posts/766601241533282/?app=fbl

Newspaper link –

https://raajdhaninews.com/archives/10943

https://raajdhaninews.com/archives/11121